PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Mon, 12 Jun 2017, Page 17
Width: 4.96 cms, Height: 16.93 cms, a4, Ref: 32.2017-06-12.208

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए जजों ने भी कसी कमर

जासं, नई दिल्ली : दुनिया भर में 21 जून को योग दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारी करने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट के जजों ने भी कमर कस ली है। इन दिनों हाई कोर्ट में जजों और कोर्ट स्टॉफ के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल ने 9 जून को न्यायमूर्ति पीएस तेजी और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की मौजूदगी में हाई कोर्ट परिसर में इसकी शुरुआत की। सूत्रों के मुताबिक न्यायमूर्ति गीता मित्तल ने ही जजों और कर्मचारियों में बढ़ते तनाव को कम करने के लिए योग का सहारा लेने का प्रस्ताव रखा था। मौजूदा समय में हाई कोर्ट में छुट्टियां चल रही हैं, इसके चलते अधिकांश जजों के पास समय भी है। जिसे देखते हुए 21 जून तक रोजाना लंच के बाद योग शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।